| The Savera Times | 04.05.2025 | -- | -- |
|---|---|---|---|

# Haryana Agricultural and LUVAS Universities forge 20-year Partnership

## Cooperation agreement boosts education, research, and technical exchange between the two institutions

@ The Savera Times Network

**Hisar:** A Memorandum of Agreement (MoA) has been signed between Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) and Lala Lajpat Rai Veterinary and Animal Science University (LUVAS) to strengthen their collaboration in education and research. The MoA, valid for 20 years with the option for extension, aims to foster mutual growth and technical assistance between the two universities.



**Vice Chancellors of HKU and LUVAS with officials during the MoU**

The agreement was signed in the presence of HAU Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj and LUVAS Vice Chancellor Prof. Naresh Jindal, along with key representatives from both institutions, including Dr. Ramesh Yadav (Director, Human Resource Management, HAU), Dr. SK Pahuja (Dean, Agriculture College), Dr. KD Sharma (Dean, Postgraduate Education), and Dr. Rajesh Khurana (Director, Human Resource Management, LUVAS).

Prof. Kamboj emphasized that HAU is expanding its research and educational collaborations both nationally and internationally. Prof. Jindal highlighted that the partnership will benefit both universities, especially farmers and animal breeders in Haryana, with shared expertise in agriculture and animal husbandry.

LUVAS, established as a separate university in 2010, will receive valuable technical support from HAU to further enhance its programs. The ceremony was also attended by several other faculty members and officials.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 03.05.2025 | -- | -- |

# HAU hosts skill training for students & rural women

@ The Savera Times
Network

**Hisar :** A skill development training program aimed at empowering students and rural women was successfully conducted at the College of Community Science, Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU). The program, organized by the Department of Extension Education and Communication Management in collaboration with the Directorate of Student Welfare, concluded with a certificate and incentive distribution ceremony.

HAU Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj, the chief guest at the event, emphasized the importance of making women empowered and self-reliant. He said that such employment-oriented training programs help participants acquire practical skills necessary for self-employment. Prof. Kamboj highlighted the achievements of women in fields like education, healthcare, sports, and IT, stating that empowering women is essential for national development.

He also mentioned the role of the New Education Policy in introducing vocational courses that equip students with technical and job-ready skills. The government's goal,



**Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj distributing sewing machines to the participants**

he said, is to transform India into a developed nation by 2047 through such initiatives.

During the program, participants received training in digital literacy, latest technologies, and entrepreneurial skills. Sewing machines and certificates were distributed to rural women and students as part of the closing ceremony.

Dr. Bina Yadav, Dean of the College, informed that 235 girl students were trained in subjects such as computers, handicrafts, self-defense, skill development, and communication. Additionally, 75 women from 12 nearby villages were trained in making cloth bags.

Student Welfare Director Dr. Madan Khichad shared that over the past four years, 45 training programs have been conducted, benefitting around 1,500 students. Of these, 20 programs specifically targeted student development.

The event also featured self-defense training by Rohtash Kumar. The stage proceedings were conducted by Anjali and Pooja, with Priyanshu delivering the vote of thanks. The event saw active participation from university deans, directors, faculty, and staff.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 5-5-25 | 5 | 7-8 |

# हकृवि व लुवास शिक्षा-अनुसंधान में करेंगे आपसी सहयोग



हकृवि व लुवास के कुलपति समझौते के दौरान अधिकारियों के साथ। -हप्र

हिसार, 3 मई (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग हेतु मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

**■ एमओयू किया साइन, 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा और आगे भी बढ़ाया जा सकेगा समझौता**

हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रुचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है।

उपरोक्त के अतिरिक्त इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी। लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां हकृवि को प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 4-5-25 | 4 | 5-6 |

# हकृवि और लुवास शिक्षा व अनुसंधान में करेंगे सहयोग



हकृवि व लुवास के कुलपति समझौता एग्रीमेंट के दौरान अधिकारियों के साथ • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग हेतु मेमोरेंडम आफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डा. सुशीला मान, डा. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए।

## पशुपालकों को मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर हकृवि की तरफ से कुलसचिव डा. पवन कुमार, ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य आदि मौजूद रहे।

प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां हरियाणा कृषि विवि को प्रदान की जाएंगी।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-5-25 | 5 | 7-8 |

# एचएयू-लुवास शिक्षा व अनुसंधान में करेंगे एक-दूसरे का सहयोग



हकृवि व लुवास के कुलपति समझौता के दौरान अधिकारियों के साथ। स्रोत : आयोजक

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग के लिए मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए।

प्रो. कांबोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रुचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उपरोक्त के अतिरिक्त इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी।

लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां एचएयू को प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर एचएयू की तरफ से कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणु मुंजाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, तथा लुवास की तरफ डीन कालेज ऑफ वेटनरी साइंस डॉ. गुलशन नारंग, डीन पीजीएस डॉ. मनोज रोज़ भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 5-5-25 | 12 | 3-5 |

# शिक्षा व अनुसंधान में एक दूसरे का सहयोग करेंगे एचएयू और लुवास

- 20 साल के लिए हुआ समझौता सहमति से बढ़ सकेगा आगे



हिसार। समझौता एग्रीमेंट के दौरान अफसरों संग हकृवि व लुवास के कुलपति।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग के लिए मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए। प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विवि के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी। इस अवसर पर एचएयू की तरफ से कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, आईपीआर सैल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, तथा लुवास की तरफ डीन कालेज ऑफ वेटनरी साइंस डॉ. गुलशन नारंग, डीन पीजीएस डॉ. मनोज रोज भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-5-25 | 5 | 3-5 |

# हकृवि व लुवास शिक्षा व अनुसंधान में करेंगे एक दूसरे का सहयोग

हिसार, 3 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग हेतु मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।



हकृवि व लुवास के कुलपति समझौता एग्रीमेंट के दौरान अधिकारियों के साथ।

हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है।

उपरोक्त के अतिरिक्त इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी। लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां हकृवि को प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2010 को लुवास एक अलग विश्वविद्यालय बना था इससे पहले वह हकृवि का ही एक भाग था।

इस अवसर पर हकृवि की तरफ से कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, आई.पी.आर. सैल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, तथा लुवास की तरफ डीन कालेज ऑफ वेटनरी साइंस डॉ. गुलशन नारंग, डीन पी.जी.एस. डॉ. मनोज रोज़ भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 4-5-25 | 4 | 4-5 |

# हकृवि व लुवास के बीच एमओयू साइन, 20 वर्षों तक मान्य रहेगा

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। दोनों संस्थानों ने 3 मई को मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता 20 वर्षों तक मान्य रहेगा। दोनों की सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हकृवि देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर अपने शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों का विस्तार कर रहा है। इस समझौते से कृषि कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद मिलेगी। हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने हस्ताक्षर किए। लुवास की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान और डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 03.05.2025 | -- | -- |


# शिक्षा व अनुसंधान में आपस में सहयोग करेगा हकृवि व लुवास




नभ-छोर न्यूज ⏭ 03 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग के लिए मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां हकृवि को प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा। हकृवि की तरफ से कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. राजबीर गर्ग, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, तथा लुवास की तरफ डॉ. गुलशन नारंग, डॉ. मनोज रोज भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 03.05.2025 | -- | -- |

# हकृवि व लुवास शिक्षा व अनुसंधान में करेंगे एक दूसरे का सहयोग



जगमार्ग न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग हेतु मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुरना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उपरोक्त के अतिरिक्त इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 03.05.2025 | -- | -- |

# हकृवि और लुवास शिक्षा व अनुसंधान में 20 वर्षों तक करेंगे एक दूसरे का सहयोग

## सहयोग के लिए मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए, सहमति से अबधि को बढ़ाया भी जा सकता है



हकृवि व लुवास के कुलपति समझौता एग्रीमेंट के दौरान अधिकारियों के साथ

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग हेतु मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओए आगामी 20 वर्षों के लिए वैध रहेगा तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल की उपस्थिति में हकृवि की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व लुवास की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान, डॉ. नरेश कुमार कक्कड़ ने हस्ताक्षर किए।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उपरोक्त के अतिरिक्त इस एग्रीमेंट से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संबंधी कार्यों में लुवास को तकनीकी मदद प्राप्त होगी। लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने बताया कि भविष्य में पशुपालन से संबंधित तकनीकी जानकारियां हकृवि को प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों, किसानों व पशुपालकों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि 1 दिसंबर 2010 को लुवास एक अलग विश्वविद्यालय बना था इससे पहले वह हकृवि का ही एक भाग था।

इस अवसर पर हकृवि की तरफ से कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, आईपीआर सैल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणु मुंजाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, तथा लुवास की तरफ डीन कालेज ऑफ वेटनरी साइंस डॉ. गुलशन नारंग, डीन पीजीएस डॉ. मनोज रोज भी उपस्थित रहे।